बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या -01/भू0अ0नि0(3)विविध(वि0सर्वे0अमीन)-आरोप-18/2021 2077 **पटना, दिनांक** :24/8/2022

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, कटिहार के पत्रांक 312 दिनांक 12.07.2021 द्वारा श्री वैभव गंगोत्री, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02992) के विरूद्ध प्रतिवेदित आरोप एवं की गयी अनुशंसा के आलोक में निदेशालय पत्रांक 2083 दिनांक 23.07.2021 द्वारा श्री गंगोत्री को स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश दिया गया। श्री गंगोत्री द्वारा अपना स्पष्टीकरण निदेशालय को समर्पित किया गया।

प्राप्त स्पष्टीकरण पर निदेशालय पत्रांक 2447 दिनांक 17.08.2021 द्वारा बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, कटिहार से मंतव्य उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया। बंदोबस्त पदाधिकारी, कटिहार के पत्रांक 223 दिनांक 16.03.2022 द्वारा यह सूचित किया गया कि श्री गंगोत्री के विरूद्ध आरोप के संबंध में पक्ष रखने हेतु परिवादी श्री दुष्यंत कुमार को सूचना दी गयी, परन्तु उनका पक्ष अप्राप्त है।

बंदोबस्त पदाधिकारी, कटिहार द्वारा प्राप्त सूचना/मंतव्य पर संबंधित जिला के नोडल पदाधिकारी का जांच प्रतिवेदन प्राप्त किया गया। बंदोबस्त पदाधिकारी, कटिहार से प्राप्त सूचना/मंतव्य एव नोडल पदाधिकारी से प्राप्त जांच प्रतिवेदन एवं की गयी अनुशंसा की समीक्षा की गयी। समीक्षोपरांत श्री वैभव गंगोत्री, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02992) को चेतावनी के साथ आरोप मुक्त करते हुए प्रशासनिक दृष्टिकोण से इनका स्थानान्तरण बंदोबस्त कार्यालय, कटिहार से बंदोबस्त कार्यालय, किशनगंज में किया जाता है। स्थानान्तरण आदेश R2R के माध्यम से निर्गत होगा।

(जय सिंह)
निदेशक
भू-अभिलेख एवं परिमाप
24/8/22

ज्ञापांकः- 01/भू0अ0नि0(3)विविध(वि0सर्वे0अमीन)-आरोप-18/2021 2077 **पटना, दिनांक** :-24/8/2022

प्रतिलिपि :- बंदोबस्त पदाधिकारी, कटिहार/किशनगंज को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू-अभिलेख एवं परिमाप
24/8/22

ज्ञापांकः- 01/भू0अ0नि0(3)विविध(वि0सर्वे0अमीन)-आरोप-18/2021 2077 **पटना, दिनांक** :- 24/8/2022

प्रतिलिपि :- श्री वैभव गंगोत्री, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02992) को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू-अभिलेख एवं परिमाप
24/8/22

ज्ञापांकः- 01/भू0अ0नि0(3)विविध(वि0सर्वे0अमीन)-आरोप-18/2021 2077 **पटना, दिनांक** :-24/8/2022

प्रतिलिपि :- श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू-अभिलेख एवं परिमाप को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू-अभिलेख एवं परिमाप
24/8/22